## खबर संक्षेप

### 10 वीं की अंग्रेजी विषय की परीक्षा शान्तिपूर्ण सम्पन्न

**शहडोल।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा कक्षा 10 वीं की अंग्रेजी विषय की परीक्षा 17 फरवरी को जिले के विभिन्न 59 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अमरनाथ सिह ने बताया कि परीक्षा के लिए कुल 12150 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 11915 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 235 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी के दल द्वारा बुढ़ार, धनपुरी, बकहो तथा शहर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। जिले में परीक्षा शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई।

### अवैध निर्माण को लेकर शिकायत, कार्रवाई की मांग

**शहडोल।** जिले के नगर पालिका क्षेत्र धनपुरी के वार्ड क्रमांक 21 (नया 24) में अवैध निर्माण को लेकर विवाद सामने आया है। क्षेत्र निवासी श्रीमती रोशनी वारंदानी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखित शिकायत देकर बिना अनुमति दुकान निर्माण किए जाने का आरोप लगाया है और संबंधित व्यक्तियों पर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार वार्ड क्रमांक 21 नया 24 में स्थित उनकी स्वत्व की भूमि खसरा नंबर 1606/4/1 पर निवासी नीरज शर्मा द्वारा बिना नगर पालिका की अनुमति के दुकान का निर्माण कर लिया गया है। आवेदिका का कहना है कि इस अवैध निर्माण को हटाने और संबंधित व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज कराने के लिए उन्होंने कई बार शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। श्रीमती वारंदानी ने अपने आवेदन में यह भी आरोप लगाया है कि नगर पालिका के कुछ कर्मचारियों ने कथित रूप से अतिक्रमणकर्ता से मिलकर अनुचित ढंग से मामला प्रभावित किया और उनके खिलाफ ही गलत रिपोर्ट तैयार कर दी। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में 13 फरवरी 2026 को की गई शिकायत में भी तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया गया, जिससे उन्हें नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई। आवेदिका ने इस मामले में आईपीसी की धारा 166 और 167 के तहत कार्रवाई की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सजा दिलाने की अपील की है। साथ ही उन्होंने बताया कि इस संबंध में 10 फरवरी 2026 को कलेक्टर शहडोल की जनसुनवाई में भी शिकायत प्रस्तुत की जा चुकी है। इस पूरे मामले को लेकर अब नगर पालिका प्रशासन की कार्रवाई पर सबकी नजरें टिकी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते निष्पक्ष जांच नहीं हुई, तो क्षेत्र में अतिक्रमण की समस्या और बढ़ सकती है।

### जैतपुर पुलिस ने 6 दिन में खोज निकाली लापता नाबालिग

**शहडोल।** मासूमों को बहला-फुसलाकर ले जाने वाले गिरोहों और असामाजिक तत्वों के मंसूबों पर जैतपुर पुलिस ने पानी फेर दिया है। 11 फरवरी से लापता एक 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए अमलाई क्षेत्र के ग्राम अंतरिया से सकुशल बरामद कर लिया है।

**6 दिनों का सस्पेंस और पुलिस की घेराबंदी-** मामला 11 फरवरी का है, जब जैतपुर क्षेत्र के एक परेशान पिता ने थाने पहुंचकर अपनी कलेजे के टुकड़े के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिजनों को आशंका थी कि किसी अज्ञात जालसाज ने उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अगवा किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश नारायण शर्मा ने तत्काल टीम गठित की और मानवीय व तकनीकी साक्ष्यों का जाल बिछाया।

**सुरक्षित हुई बरामदगी-** पुलिस की पैनी नजर और लगातार दबिश का नतीजा रहा कि मंगलवार, 17 फरवरी को पुलिस की टीम ने ग्राम अंतरिया थाना अमलाई में घेराबंदी कर बालिका को सुरक्षित ढूंढ निकाला। दस्तयाबी के बाद कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर नाबालिग को उसके आंसू बहाते परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। इस सफल ऑपरेशन में प्रधान आरक्षक नरेंद्र कुशराम, रावेन्द्र वर्मा, आरक्षक राममोहन शर्मा और महिला आरक्षक मालती लता पटेल की भूमिका रही।

### पीएम-उषा योजना से बदलेगी तस्वीर!

# शिक्षा के मंदिर में व्यवहार का नया सवेरा







### विश्वविद्यालय के गुरुजन अब सीखेंगे मन को जीतने की कला

शहडोल।

आदिम जाति बाहुल्य इस अंचल में उच्च शिक्षा की दिशा और दशा बदलने के लिए पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय ने एक नई क्रांति का आगाज किया है। अक्सर अपनी कार्यप्रणाली और प्रशासनिक तनाव के लिए चर्चा में रहने वाले इस परिसर में इन दिनों एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा) योजना के अंतर्गत यहाँ के प्राध्यापक अब केवल किताबों के पन्ने ही नहीं पलट रहे, बल्कि मृदु कौशल (सॉफ्ट स्किल) और तनाव प्रबंधन के गुर भी सीख रहे हैं।

### गुरुजी अब पढ़ाएंगे भी और सिखाएंगे भी

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू की गई इस महत्वाकांक्षी योजना का लक्ष्य राज्य के विश्वविद्यालयों में केवल भवनों का निर्माण करना नहीं, बल्कि वहां के मानवीय संसाधन को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार करना है। इसी कड़ी में भोपाल की विशेषज्ञ संस्था क्रिस्प के सहयोग से आयोजित इस विशेष प्रशिक्षण में विश्वविद्यालय के लगभग 60 प्राध्यापक और शैक्षणिक कर्मचारी भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण का सबसे धारदार पहलू यह है कि यहां शिक्षकों को यह सिखाया जा रहा है कि कैसे वे अपनी व्यक्तिगत उलझनों को किनारे रखकर छात्रों के साथ एक प्रेरक संवाद स्थापित करें।

### तनाव को कहेंगे अलविदा

प्रशिक्षण सत्रों में आधुनिक तकनीकों का सहारा लिया जा रहा है ताकि शिक्षकों की कार्यक्षमता में आमूल-चूल परिवर्तन लाया जा सके। डॉ. के.के. पटेरिया ने जोर देकर कहा कि एक शिक्षक का व्यक्तित्व ही संस्थान की आत्मा होता है। यदि शिक्षक का व्यवहार संतुलित और सकारात्मक है, तो पूरे परिसर का माहौल जीवंत हो उठता है। अंकुर कुमार गौड़ द्वारा आयोजित मनोवैज्ञानिक विश्लेषण के माध्यम से शिक्षकों को उनके स्वभाव की खूबियों और खामियों से रूबरू कराया गया। उन्हें सिखाया गया कि समूह कार्य के जरिए कैसे बड़े से बड़े लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। शारीरिक और मानसिक संतुलन के लिए योग विशेषज्ञ स्मृति मिश्रा ने शिक्षकों को सरल योगिक क्रियाओं और संतुलित आहार का पाठ पढ़ाया। शिक्षकों को बताया गया कि बिना मानसिक शांति के प्रभावी शिक्षण संभव नहीं है।

### आदिवासी अंचल के भविष्य पर पड़ेगा सीधा प्रभाव

विश्वविद्यालय की प्रोफेसर रचना दुबे के मार्गदर्शन में चल रहा यह कार्यक्रम केवल एक औपचारिक बैठक नहीं है। इसका असली प्रभाव उन हजारों छात्र-छात्राओं पर पड़ेगा जो सुदूर ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों से यहाँ ज्ञान प्राप्त करने आते हैं। जब शिक्षक खुद मानसिक रूप से सशक्त और व्यवहार कुशल होंगे, तो वे छात्रों की समस्याओं को बेहतर ढंग से समझ पाएंगे। इससे न केवल परीक्षा परिणाम सुधरेंगे, बल्कि छात्रों के व्यक्तित्व का भी सर्वांगीण विकास होगा।

### धरातल पर उतरेगी गुणवत्ता

पीएम-उषा योजना के तहत वर्ष 2023 से 2026 की अवधि के लिए करोड़ों रुपयों का प्रावधान किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा में समानता, पहुंच और पारदर्शिता लाना है। शंभूनाथ विश्वविद्यालय में चल रहा यह प्रशिक्षण इस बात का प्रमाण है कि अब उच्च शिक्षा केवल रटने-रटाने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह रोजगारोन्मुखी और कौशल-आधारित होगी।

### सवाल अब भी वहीः क्या बदलेगा सिस्टम

प्रशासन की इस पहल की सराहना तो हो रही है, लेकिन जागरूक नागरिकों का सवाल यह भी है कि क्या चंद दिनों के इस प्रशिक्षण से बरसों पुराना अड़ियल सरकारी ढर्रा बदल पाएगा। क्या ये शिक्षक अपनी सीखी हुई बातों को कक्षा के भीतर छात्रों तक पहुंचा पाएंगे, अगर विश्वविद्यालय का शैक्षणिक माहौल वाकई इस प्रशिक्षण के बाद तनाव-मुक्त और अनुशासनप्रिय होता है, तो यह शहडोल के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि होगी। पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय अब केवल एक डिग्री बांटने वाला संस्थान नहीं, बल्कि व्यक्तित्व गढने वाली प्रयोगशाला बनने की ओर अग्रसर है। पीएम-उषा योजना के माध्यम से आई यह नई ऊर्जा यदि स्थायी रही, तो वह दिन दूर नहीं जब शहडोल की यह शिक्षा स्थली राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएगी।

## नौकरी के नाम पर सफेदपोश ठगों का खेल खत्म
## फर्जी नियुक्ति पत्र बांटने वाले दो जालसाज सलाखों के पीछे



शहडोल।

सरकारी नौकरी की चाहत रखने वाली मासूम महिलाओं को अपनी ठगी का शिकार बनाने वाले दो शातिर शिकारियों को जयसिंहनगर पुलिस ने दबोच लिया है। आंगनवाड़ी में नौकरी लगवाने का सब्जबाग दिखाकर लाखों की चपत लगाने वाले इन जालसाजों का फर्जीवाड़ा साम्राज्य अब सलाखों के पीछे पहुंच गया है।

### आंगनवाड़ी की नौकरी और डेढ़ लाख का फटका

मामला ग्राम झिरियाटोला का है, जहां साधना पटेल और उनकी सहेली मायावती सिंह गोंड को आरोपियों ने अपनी बातों के जाल में फंसाया। जमुनिहा निवासी रामचरित द्विवेदी और अनुराग द्विवेदी ने खुद को पहुंच वाला बताकर इन महिलाओं को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के पद पर नियुक्ति दिलाने का भरोसा दिया। भरोसे की कीमत वसूली गई 1,49,704 रुपये, जो किश्तों में नगद और फोन-पे के जरिए डकारे गए।

### फर्जी आदेश और प्रशासन की आंख में धूल

ठगी की पराकाष्ठा तो देखिए, आरोपियों ने न केवल पैसे ऐंठे बल्कि बकायदा कूटरचित नियुक्ति आदेश भी तैयार कर थमा दिए। जब पीड़ित महिलाएं नियुक्ति पत्र लेकर पहुंचीं, तो पता चला कि उन ग्राम पंचायतों में पद पहले से ही भरे हुए हैं। तब जाकर समझ आया कि सरकारी नौकरी के नाम पर उनके साथ भद्दा मजाक और बड़ी धोखाधड़ी हुई है।

### पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक

जयसिंहनगर थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार बैगा के नेतृत्व में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों को धर दबोचा। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर शासन की व्यवस्था को भी चुनौती दी थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटकरण की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया है। इस कार्रवाई में सउनि अनिल गौतम, प्र.आर. रुस्तम सिंह, आरक्षक रोहित, धीरशाह, अंकित और महिला आरक्षक खुशबू लोधी ने ठगों के नेटवर्क को ध्वस्त करने में भूमिका निभाई।

## जनसुनवाई या रस्म अदायगी?
# साहबों की चौखट पर शिकायतों का अंबार





शहडोल।

जिले में मंगलवार का दिन एक बार फिर जनसुनवाई के नाम रहा। कलेक्टर और कमिश्नर कार्यालयों में फरियादियों का हुजूम उमड़ा, जो अपनी बरसों पुरानी फाइलों और ताजी शिकायतों की पोटली लेकर साहबों की चौखट पर न्याय की गुहार लगाने पहुंचे थे। कहने को तो निर्देश शीघ्र निराकरण के दिए गए हैं, लेकिन सवाल वही है कि क्या ये आदेश सरकारी फाइलों के लाल फीते में दबकर दम तोड़ देंगे या पीड़ित को सच में राहत मिलेगी।

### जमीन से लेकर नौकरी तक के झमेले

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के सामने शिकायतों का सैलाब उमड़ पड़ा, दूर-दराज के गांवों से आए आदिवासियों और ग्रामीणों की आंखों में व्यवस्था से मिलने वाली थकान साफ नजर आ रही थी। गोरतरा के शिवलाल बैगा ने पट्टा अलग कराने और जमीन बचाने की गुहार लगाई। कोटरी की संध्या शर्मा राशन कार्ड के लिए दफ्तरों के चक्कर काटकर थक चुकी थीं। रामकेश पटेल और अनुराग सिंह जैसे किसान जमीन के सीमांकन और नक्शे के लिए सिस्टम से लड़ रहे हैं। शंभू प्रसाद बैगा अनुकंपा नियुक्ति की आस में दर-दर भटक रहे हैं। कलेक्टर ने हमेशा की तरह आवेदनों को संबंधित विभागों की ओर मार्क कर दिया और अधिकारियों को सख्त लहजे में त्वरित निराकरण की घुट्टी पिलाई। मौके पर जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति और अपर कलेक्टर सरोधन सिंह सहित पूरा प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

### अवैध निर्माण और सिस्टम की सुस्ती पर प्रहार

दूसरी ओर कमिश्नर कार्यालय में भी मंजर कुछ अलग नहीं था। संभाग की मुखिया श्रीमती सुरभि गुप्ता के सामने संभाग भर से आए पीड़ित अपनी व्यथा लेकर पहुंचे। धनपुरी की रोशनी वारंदानी ने रसूखदारों के अवैध निर्माण पर हथौड़ा चलाने की मांग की। सावित्री देवी ने अपने घर को खाली कराने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का आवेदन दिया। बालकृष्ण वर्मा सरकारी पोर्टल में अपनी जन्मतिथि सुधरवाने के लिए सिस्टम की सुस्ती का शिकार होते दिखे। कमिश्नर ने समय-सीमा का हवाला देते हुए अधिकारियों को चेताया कि शिकायतों पर कुंडली मारकर न बैठें।

### आदेश तो हुए, अमल कब होगा

जनसुनवाई में अक्सर साहब निर्देश तो दे देते हैं, लेकिन निचली पायदान पर बैठे बाबू और लापरवाह अधिकारी इन निर्देशों को रद्दी की टोकरी में डालने में माहिर हैं। क्या शिवलाल का पट्टा बनेगा? क्या संध्या का चूल्हा राशन कार्ड से जलेगा? या फिर अगले मंगलवार को ये चेहरे फिर से कतार में खड़े नजर आएंगे, प्रशासन की साख अब इन फाइलों के शीघ्र निराकरण पर टिकी है।

## मास्टर ट्रेनर्स ने सिखाया वन रक्षा का पाठ!
# कागजों से निकलकर अब जंगलों तक पहुंचेगा अधिकार

शहडोल।

**बरसों से अपनी ही जमीन पर पराए बने बैठे वनवासियों को अब उनके असली हक दिलाने की तैयारी शुरू हो गई है। कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में वन अधिकार अधिनियम 2006 को लेकर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम महज एक सरकारी बैठक नहीं, बल्कि जल-जंगल और जमीन पर आदिवासियों के राज की नई इबारत है।**



### सिस्टम को मिली बूस्टर डोज

मध्यप्रदेश शासन के निर्देश पर आयोजित इस ट्रेनिंग में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स राहुल श्रीवास्तव, हरी मरावी और चरण परते ने जिले के रसूखदार अधिकारियों को साफ शब्दों में समझा दिया कि अब ग्राम सभाएं ही असली मालिक हैं। धारा 3(1)(आई) के तहत सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण, प्रबंधन और पुनर्जीवन की जिम्मेदारी अब सीधे जनता के हाथों में होगी।

### बांस और गोंद से बदलेगी तकदीर

प्रशिक्षण में साफ किया गया कि लघु वनोपज, औषधीय पौधे, गोंद और बांस का संरक्षण अब केवल वन विभाग का काम नहीं है। ग्राम सभा द्वारा गठित समितियां अब संसाधनों के विक्रय और संवर्धन का फैसला खुद लेंगी। मौके पर एसडीएम काजोल सिंह, अमृता गर्ग, और सहायक आयुक्त आनंद राय सिंहा सहित पूरा प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। सवाल अब भी वही है—क्या यह प्रशिक्षण फाइलों से निकलकर धरातल पर आदिवासियों की सुधरेगा? या फिर हमेशा की तरह नियम और कायदे दफ्तरों की धूल फांकेंगे?

## नौनिहालों की सेहत पर सरकारी दस्तक
## एनीमिया और कुपोषण के खिलाफ महाजंग

शहडोल।

जिले के बच्चों को बीमारी और कुपोषण के चक्रव्यूह से बाहर निकालने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एक बार फिर दस्तक अभियान का बिगुल फूंक दिया है। 17 फरवरी से शुरू होकर 19 मार्च तक चलने वाले इस अभियान के दूसरे चरण में स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर बच्चों की सेहत का एक्स-रे करेंगी। जिले के 1,04,429 बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाना और एनीमिया (खून की कमी) के शिकार मासूमों को नई जिंदगी देना।



### कागजी माइक्रोप्लानिंग या जमीनी हकीकत

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा के मुताबिक, इस बार की माइक्रोप्लानिंग मंगलवार को आयोजित होने वाले ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के इर्द-गिर्द बुनी गई है। एएनएम, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की फौज मैदान में उतारी गई है। लेकिन सवाल यह है कि क्या ये टीमें केवल ड्यू लिस्ट भरने तक सीमित रहेंगी या वाकई उन दूर-दराज के बच्चों तक पहुंचेंगी जो आज भी रतौंधी और संक्रमण की मार झेल रहे हैं।

### मासूमों की रोशनी पर खतरा

अभियान के दौरान 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि मां का पहला गाढ़ा दूध (कोलोस्ट्रम) न मिले या आहार में लापरवाही हो, तो बच्चे रतौंधी, बार-बार दस्त और खसरा जैसी जानलेवा बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। एनीमिया के कारण बच्चे चिड़चिड़ेपन, थकान और शारीरिक-मानसिक विकास में पिछड़ रहे हैं।

### कहीं आपका बच्चा तो नहीं शिकार

जिले में बाल्यकालीन एनीमिया एक नासूर बनता जा रहा है। लौह तत्व (आयरन) की कमी और साफ-सफाई के अभाव में बच्चों की सांस फूलना और बार-बार बीमार पडऩा आम हो गया है। इस अभियान में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता हीमोग्लोबिन की जांच करेंगी। प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे इस सरकारी दस्तक का दरवाजा खोलें और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करें। अभियान की सफलता केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि उन बच्चों की मुस्कान में दिखनी चाहिए जो कुपोषण की अंधेरी गलियों में खोए हुए हैं। साहब! विटामिन पिलाने के साथ-साथ पोषण की मॉनिटरिंग भी जरूरी है।

# कैंसर की जंग और सिस्टम का मजाक

### टाटा मेमोरियल जाने के लिए 15 हजार की खैरात

**शहडोल।** जिला प्रशासन की संवेदनशीलता का ढोल एक बार फिर पीटा गया है, लेकिन हकीकत जानकर आप भी माथा पीट लेंगे। बुढ़ार की 24 वर्षीय शिक्षित बेटी ज्योति तिवारी, जो एमएससी की डिग्री हाथ में लिए ब्रेस्ट कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से लड़ रही है, उसे कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने ऊंट के मुंह में जीरा के समान महज 15 हजार रुपये का चेक थमा दिया।

**पैरालाइज्ड पिता-बीमार बेटी -** फरियादी संतोष तिवारी ने गुहार लगाई थी कि उनका पति लकवाग्रस्त है और बेटी मुंबई के टाटा मेमोरियल में जिंदगी की मांग रही है। आयुष्मान कार्ड से इलाज तो मुफ्त है, लेकिन मुंबई जैसे शहर में रहने, खाने और आने-जाने का खर्च क्या 15 हजार में सिमट जाएगा। प्रशासन ने रेडक्रॉस के माध्यम से यह राशि देकर अपनी पीठ तो थपथपा ली, लेकिन सवाल यह है कि क्या एक गंभीर कैंसर मरीज के लिए यह राशि पर्याप्त है या सिर्फ फोटो खिंचवाने का एक अवसर है।

**अधिकारों की पोटली पर क्यों बैठी है सरकार-** हैरानी की बात यह है कि नियमों के मुताबिक, कलेक्टर के पास रेडक्रॉस विवेकाधीन कोटे से 25,000 से लेकर 50,000 तक की तात्कालिक सहायता देने के अधिकार होते हैं और विशेष परिस्थितियों में शासन को पत्र लिखकर लाखों की मदद मंगवाई जा सकती है। इसके बावजूद, एक होनहार बेटी के जीवन के लिए सिर्फ 15 हजार की मंजूरी देना प्रशासनिक कंजूसी और संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है।

## खबर संक्षेप

### 20 फरवरी को युवा संगम रोजगार मेला

उमरिया । जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन में 20 फरवरी को सुबह 11 बजे से रोजगार मेला आयोजित किया गया है। मेले में रावया फ्रोर्स प्राइवेट लिमिटेड,निपुन मल्टी सर्विसेज हिरिंग,श्रीराम फाइनेंस उमरिया,एसबीआई इंशोरेंस उमरिया,प्रथम एजुकेशन जबलपुर,वर्धमान मंडीदीप भोपाल, एलआईसी उमरिया,टी एस पी एल ग्रुप पुणे, परफेक्ट सलूशन सर्विसेज अहमदाबाद,ट्रिटन ग्रुप बरनाला बुधनी तथा आर एस डब्ल्यू एम लिमाईट भीलवाडा की कंपनी भाग लेगी ।

### हाई स्कूल की अंग्रेजी विषय की परीक्षा संपन्न

उमरिया। हाई स्कूल कि अंग्रेजी विषय की परीक्षा 45 परीक्षा केन्द्रो में संपन्न हुई । हाईस्कूल अंग्रेजी विषय की परीक्षा में कुल दर्ज 6913 विद्यार्थियो में से 6793 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी ,वही 120 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल द्वारा गठित निरीक्षण दल के अधिकारी अतुल डनायक, संयुक्त संचालक (दल प्रभारी) एवं शंकर खत्री, विषय विशेषज्ञ द्वारा परीक्षा केन्द्र शा. उ.मा.वि. कन्या उमरिया, शा.उ.मा.वि. धमोखर, शा.उ.मा.वि. ताला. शा.उ.मा.वि. उत्कृष्ट मानपुर, अशा. सरस्वती उ.मा.वि. मानपुर एवं थाना कोतवाली उमरिया जहां मण्डल परीक्षाओं की गोपनीय सामग्री रखी गई है का भी निरीक्षण किया गया तथा जिला शिक्षा अधिकारी आर एस. मरावी द्वारा परीक्षा केन्द्र शा.उ.मा.वि. निगहरी, शा.उ.मा.वि. मजमानीकलां एवं शा.उ.मा.वि. जरही का निरीक्षण किया गया, परीक्षा शांति पूर्वक एवं सुचारू रूप से संचालित होना पायी गयी। परीक्षा में किसी भी परीक्षा केन्द्र में नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुए। सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा व्यवस्था एवं संचालन मंडल के निर्देशानुसार उचित एवं व्यवस्थित पायी गयी, सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस बल तैनात पाया गया। परीक्षा केन्द्रों पर 144 धारा लगाने के फलस्वरूप बाहय भीड़ एवं असमाजिक तत्वों की भीड़ नहीं दिखाई दी, परीक्षायें शांति पूर्ण संचालित पायी गयी ।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला चार्ज स्तर के अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न





उमरिया।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में जनगणना 2027 के संबंध में जिला, चार्ज स्तर के अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ ।

प्रशिक्षण में डिजिटल माध्यम से जनगणना से बेहतर गुणवत्ता वाले डाटा, द्रुत गति से डेटा की प्रोसेसिंग, पर्यावरण के अनुकूल,बड़े साइज की अनुसूचियों एवं अन्य प्रपत्रों से मुक्ति के लाभ, जनगणना के आंकड़ों का उपयोग लोगो के लाभ के लिए कल्याणकारी योजना बनाना,संसद,विधानसभाओं और स्थानीय निकायों की सीटो का सीमांकन करना, आवास, बुनियादी सुविधाओं और सार्वजनिक सेवाओं से संबंधित नीतियों का निर्माण, जनगणना के पहले चरण में मकान सूची करण एवं मकानो की गणना, जनगणना के व्दितीय चरण में जनसंख्या की गणना, जनगणना 2027 मे स्व गणना का विकल्प , डेटा संग्रहण और जांच की प्रक्रिया, प्रशासनिक अधिकारियो के विशिष्ट कार्यो को जनगणना नियम 1990 में कानूनी रूप से परिभाषित किया गया है । प्रमुख जनगणना अधिकारी पीसीओ, जिला अतिरिक्त जिला,अनुविभागीय जनगणना अधिकारी,चार्ज अधिकारी सीओ कि जानकारी दी गई। प्रगणक व्दारा घर घर जाकर स्वयं के मोबाइल फोन मे ऐप के माध्यम से जानकारी एकत्र करना, स्व गणना व्दारा भरे हुए आकडों को प्रगणको व्दारा घर घर जाकर सत्यापन करना, प्रगणक और पर्यवेक्षक,कार्य प्रवाह, प्रगणको के मुख्य कर्तव्य, मकानसूचीकरण और मकानो की गणना की बुनियादी अवधारणाओ और परिभाषाओ को समझने, भवन नंबरिंग की विधि, एच एल ओ के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्नो को समझाने कि जानकारी दी गई।

इसी तरह जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली का प्रशिक्षण देते हुए जनगणना गतिविधियो का प्रबंधन और निगरानी करने,जनगणना पदाधिकारियो का,उनकी भूमिका,पोर्टल पर पंजीकरण, राष्ट्रीय ट्रेनर्स , मास्टर ट्रेनर्स, फील्ड ट्रेनर्स, प्रगणको तथा पर्यवेक्षको के प्रशिक्षण, सी एम एम एस के माड्यूल, यूजर मैनेजमेंट, यूजरो की प्रमुख जिम्मेदारियां, यूजर्स नामकरण कि जानकारी दी। <प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि जनगणना किसी देश में एक निश्चित समय पर प्रत्येक परिवार एवं प्रत्येक व्यक्ति की आधिकारिक , पूर्ण गणना है , जिसमें उनके जन सांख्यिकी , आर्थिक एवं सामाजिक आंकड़े शामिल होते हैं। जनगणना के सफल संचालन में प्रमुख जनगणना अधिकारी का दायित्व अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। प्रमुख जनगणना अधिकारी की प्रतिबद्धता, नेतृत्व और सक्रिय भूमिका के फलस्वरूप जनगणना के आँकड़े उच्च गुणवत्ता और निर्धारित समय सीमा में एकत्रित हो पाते हैं।

सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि प्राथमिकी कर्तव्य में जिले के अंदर जनगणना पदाधिकारियों की टीम का गठन करना है । जिले के अंदर जनगणना हेतु अन्य मानव संसाधन, सामग्रियों का क्रय, कंप्यूटर एवं प्रिंटर इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित कराना है । इस अवसर पर आशीष कुमार श्रीवास्तव, अजय सिंह जनगणना निदेशालय भोपाल प्रशिक्षक, अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता,एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी, एसडीएम बांधवगढ अंबिकेश प्रताप सिंह, एसडीएम पाली मीनाक्षी इंगले,डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज, प्रत्युष श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिले से कृषकों का दल राज्य के अंदर भ्रमण के लिए रवाना



### कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**उमरिया।** एमआईडीएच के घटक कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण राज्य के अंदर वर्ष 2025-26 अंतर्गत जिले से कृषको का दल रवाना हुआ। भ्रमण रथ को कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सहायक संचालक उद्यान ने बताया कि 17 फरवरी किसानों का दल उमरिया से प्रस्थान कर शहपुरा करौदी नर्सरी जिला डिंडौरी का भ्रमण करते हुए जबलपुर के जेएनकेव्हीव्ही में रात्रि विश्राम किया। इसी तरह 18 फरवरी को केव्हीके जबलपुर में प्रशिक्षण एवं भ्रमण,19 फरवरी को पशु शाला भ्रमण एवं जैविक खेती प्रशिक्षण जेएनकेव्हीव्हीं में तथा इसी दिन किसानों का दल जबलपुर से उमरिया के लिए प्रस्थान करेगा ।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्याएं




उमरिया।

साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले के दूर दराज से आए 50 लोगों की समस्याओ को सुना तथा समस्याओ के निराकरण के लिए आवेदन संबंधित विभाग की ओर प्रेषित किया । जनसुनवाई में राममित्र साहू ग्राम कछरवार ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने, शिवम चतुर्वेदी ग्राम महरोई ने ईडब्ल्यूएस बनवाने, सरोज सिंह धनंगी ने स्पांसरशिप योजना का लाभ दिलाने, रामनाथ सिंह ग्राम नेउसा ने सरपंच सचिव व्दारा किए गए भ्रष्टाचार की जांच कराने, मनोज बैगा ग्राम किरनताल ने बिजली कनेक्शन दिलाने, गुरूचरण कोल ग्राम भंगहा ने सीमांकन कराने, धर्म सिंह ग्राम मरदरी ने पिता की मौत के पश्चात ग्राम पंचायत धमोखर से पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र दिलाने, शोभा कोल प्राचार्य शासकीय उमावि धमोखर ने माह अगस्त एवं नवंबर 2025 से फरवरी 2026 तक वेतन दिलाने,राजेन्द्र कुमार ग्राम कछरवार ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने संबंधी आवेदन दिया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।



## भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात का ऐतिहासिक स्वागत

# तुर्राधाम में उमड़ी आस्था की गंगा

हरिभूमि न्यूज राजनगर।

महा शिवरात्रि के पावन पर्व पर जिले के नगर परिषद डोला के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल तुर्राधाम में आस्था, उत्साह और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। भगवान भोलेनाथ की भव्य शोभायात्रा (बारात) जब नगर भ्रमण करते हुए तुर्राधाम पहुँची, तो पूरा वातावरण "हर-हर महादेव" के जयघोष से गूंज उठा। तुर्रा धाम जनकल्याण समिति एवं उपस्थित श्रद्धालुओं ने बारात में शामिल सभी बारातियों का तिलक, माल्यार्पण और पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान बाल रूप में सजे भगवान शिव की मनमोहक झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

### 41 वर्षों से अटूट परंपरा, अखंड मानस और विशाल मेले का आयोजन



**रामनगर** स्थित इस पावन धाम में भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती, हनुमान जी महाराज एवं शनिदेव विराजमान हैं। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण इस स्थल पर पिछले 41 वर्षों से लगातार 24 घंटे का अखंड रामचरितमानस पाठ एवं विशाल मेले का आयोजन किया गया जहाँ 15 फरवरी से प्रारंभ अखंड मानस पाठ का समापन 16 फरवरी को पूर्णाहुति के साथ हुआ, जिसके पश्चात कन्या पूजन और विशाल महाभंडारे का आयोजन किया गया। नगर परिषद डोला सहित आसपास के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### न्यू डोला से निकली शिव बारात, जगह-जगह हुआ स्वागत

भगवान भोलेनाथ की बारात न्यू डोला स्थित आधाराम वैश्य के निवास के समीप शिव मंदिर प्रांगण से बैंड-बाजों और ढोल-नगाड़ों के साथ प्रारंभ हुई। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए बारात जब आगे बढ़ी तो सड़कों के दोनों ओर खड़े श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा और भक्ति संगीत के साथ स्वागत किया। जबलपुर से आई आकर्षक झांकियों में भूत-प्रेत, पिशाच, नंदी और शिव भक्तों की मनोहारी प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं, जिसने वातावरण को और अधिक आध्यात्मिक एवं रोमांचक बना दिया। स्थानीय व्यापारियों एवं सामाजिक संगठनों, चौरसिया दुकान, वीरेन्द ऑनलाइन सेंटर, लक्ष्मी एंटरप्राइजेज, दीपक सेल्स एवं अन्य सहयोगियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर जलपान स्टॉल लगाकर बारातियों की सेवा की गई।

### जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल व क्षेत्रीय महाप्रबंधक हसदेव क्षेत्र मनोज विश्नोई, उप क्षेत्रीय प्रबंधक धर्मेंद्र रघुवंशी, राजनगर ओसीएम, एस.के. महतो, उप क्षेत्रीय प्रबंधक वेस्ट जेकेड़ी, पूर्व विधायक कांग्रेस सुनील सराफ, नगर परिषद डोला की अध्यक्ष श्रीमती रीनू सुरेश कोल, उपाध्यक्ष रविशंकर तिवारी, बनगवां (राजनगर) अध्यक्ष यशवंत सिंह, उपाध्यक्ष धनजय सिंह, मंडल अध्यक्ष भाजपा कमलेश चतुर्वेदी, रिंकू शर्मा सहित आसपास क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि समाजसेवी नगरवासी भगवान भोलेनाथ की बारात में सम्मिलित रहे।

### श्रद्धा, सेवा और सहयोग का अद्भुत संगम

तुर्रा धाम जनकल्याण समिति के पदाधिकारियों एवं नगर परिषद डोला के समस्त श्रद्धालुओं व पुलिस प्रशासन के सहयोग से यह आयोजन ऐतिहासिक एवं सफल रहा। भक्ति, सेवा और सामाजिक एकता का यह अनुपम उदाहरण क्षेत्र की धार्मिक परंपराओं को और सुदृढ़ करता है। महा शिवरात्रि के इस पावन अवसर पर तुर्राधाम एक बार फिर आस्था के विराट केंद्र के रूप में स्थापित हुआ, जहाँ श्रद्धा के संग सामाजिक समरसता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

# भगवान शिव-पार्वती विवाह की झांकी ने भक्तों का मोहा मन शिव का शक्ति से मिलन




हरिभूमि न्यूज राजनगर।

नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 5 गेस्ट हाउस के सामने शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर महिलाएं-युवतियों ने मंदिर में पूजा-अर्चना हेतु पूजा की थाली में बेलपत्र, धतूरा, आंक फुल, पत्ते, दुर्वा चावल, आम का बौर, दूध, पंचामृत, गन्ना रस, गंगाजल, नारियल, धूप, दीप के अलावा विभिन्न पूजा सामग्रियों से भोलेनाथ की पूजा कि। मंदिर में महादेव के उद्घोष से शिवालय गूंज रहे थे। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर महिलाओं और युवतियों में काफी उत्साह देखा गया। महाशिवरात्रि पर्व पर ऐसी मान्यता है, कि इस दिन भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग का धरती पर प्रकाट्य हुआ था। और भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह उत्सव के रूप में मनाने की परंपरा है। मंदिर के प्रधान पुजारी गोलू महाराज द्वारा महाशिवरात्रि की महिमा बताते हुए बताया कि फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को भगवान शिव अपने आदि अनंत शिवलिंग स्वरूप में प्रकट हुए थे। इसी कारण यह रात्रि महाशिवरात्रि कहलाती है। गेस्ट हाउस के सामने राजनगर शिव मंदिर में इस वर्ष शिव पार्वती विवाह की झांकी गाजे-बाजे, डीजे, के साथ बारात निकाली गयी। बारात निकलने से एक दिन पूर्व शनिवार को मंदिर में भगवान भोलेनाथ की हल्दी तथा मेहंदी का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें नगर की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बारात में रथ पर सवार शिव-पार्वती की झांकी आकर्षक का केंद्र रही। नाथों के नाथ भोलेनाथ की बारात मंदिर परिसर से शाम पांच बजे निकली। जो सब एरिया बंगला चौराहा, भगत सिंह चौक, जोड़ा तालाब, छोटी काली मंदिर, हॉस्पिटल रोड़, सी टाइप होते हुए पूरे मार्ग पर नगरवासी बाराती के रूप में नाचते गाते हुए चल रहे थे। डीजे पर भजनों की धुन पर श्रद्धालु जमकर नाचे। इस दौरान जगह-जगह शिव बारात का स्वागत किया गया। सी टाइप ऑफिसर कालोनी निवासी महावीर प्रसाद के निवास पर श्रीमती सुष्मिता मिश्रा एंव श्रीमती सुमन जाखड़ ने रथ पर सवार शिव पार्वती कि आरती उतारी तथा उनका पुजा कर आशीर्वाद लिया। बारात जैसे से आगे बढ़ रही थी। वैसे-वैसे बारातियों की संख्या बढ़ रही थी। इस बारात में महिला-पुरुष, बच्चो के साथ नगर भ्रमण पश्चात बारात वापस शिव मंदिर में पहुंची। जहां पर महिलाओं द्वारा शिव और पार्वती की झांकी का स्वागत कर पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से नारी शक्ति को समर्पित रहा। जिसमें नगर की महिलाओं ने अपनी सहभागिता निभाई। जिसके कारण यह कार्यक्रम सफल रहा। सोमवार को महाशिवरात्रि की विशेष पर्व पर विशाल भंडारा का आयोजन हुआ। जो शाम चार बजे से प्रारंभ हो गया था। जो देर शाम तक चला। जिसमें प्रसाद ग्रहण करने के लिए नगर परिषद क्षेत्र के लोग भारी संख्या में लोग मंदिर परिसर पहुंचे तथा भंडारे के खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया।

### जन प्रतिनिधियों ने भगवान शिव-पार्वती बारात का किया स्वागत

नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र में महाशिवरात्रि महापर्व पर भगवान भोलेनाथ के निकली गई। शिव पार्वती बारात का भगत सिंह चौक पर नगर परिषद यशवंत सिंह (अध्यक्ष), धनंजय सिंह (मुन्ना सिंह) उपाध्यक्ष, तथा कमलेश चतुर्वेदी मंडल अध्यक्ष (भाजपा), राजेंद्र त्रिपाठी, हरिशंकर दुबे पूर्व ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस, पार्षद गिरिजा विश्वकर्मा, समय पटेल, रोहित जायसवाल, मनोहर जायसवाल, राहुल जायसवाल, अश्वनी यादव, पंकज कुमार शर्मा, मनीष शुक्ला, शामिल हुए। दुबे स्वीट्स के संचालक हरिशंकर दुबे द्वारा भगत सिंह चौक पर शिव पार्वती के बारात में बारातियों में शामिल महिलाओं, युवतियों, बच्चों, को पानी बाटल मिठाई, फल, केला, सेब, वितरित किये गए। नगर परिषद बनगवां अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पाषर्द गण, भाजपा मंडल अध्यक्ष, नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, नगर के व्यापारी गण, नगर के इस ऐतिहासिक शिव-पार्वती बारात में शामिल हुवे।

### थाना रामनगर में रुद्राभिषेक कर किया गया भंडारा

नगर परिषद बनगवां (राजनगर) के थाना रामनगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के महापर्व पर विशेष पूजा पाठ के साथ रुद्राभिषेक कराया गया। जिसमें थाना प्रभारी सुमित कौशिक, तथा थाना रामनगर के समस्त स्टाफ परिवार सहित, नगर के गणमान्य नागरिको ने रुद्राभिषेक, तथा हवन किया। पूजा समाप्ति पश्चात प्रसाद का भगवान को भोग लगाने के बाद थाना परिसर में भंडारा प्रारंभ हुआ। जो देर रात्रि तक चला। इस भंडारा में नगर के सभी गणमान्य नागरिक, पत्रकार गण, बच्चे, महिलाओ ने भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण किया।

## दसवीं की अंग्रेजी विषय की परीक्षा शांति के साथ संपन्न

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा प्रारंभ हो गई। परीक्षा को लेकर विभाग द्वारा सारी तैयारियां पूरी कर ली गई थी। सुबह 9 बजे से 12 बजे तक परीक्षा संचालित की जा रही है। कोतमा नगर मे तीन परीक्षा केंद्रो में लगभग 830 परिक्षार्थियों ने परीक्षा मे सम्मिलित हुए। सभी केंद्रों में परीक्षाएं शांतिपूर्वक आयोजित हुई नकल रोकने को लेकर अलग अलग उड़न दस्ता दल बनाए गए हैं जो लगातार निरीक्षण करते हुए कड़ी निगरानी कर रहे हैं। परीक्षार्थियों को निर्धारित समय से लगभग 30 मिनट पहले केंद्र में पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। सभी केंद्रों में सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की गई है। परीक्षा के दौरान नकल एवं अन्य गड़बड़ी रोकने के लिए उड़न दस्ता दल गठित किया गया है। सोमवार की अंग्रेजी विषय की परीक्षा शांति के साथ संपन्न हुई।



**खबर संक्षेप**

## अनूपपुर जिले का नाम किया रोशन, 19 वर्ष की उम्र में बड़ी उपलब्धि



राजेन्द्रग्राम। जिले के लिए गर्व की बात है कि ग्राम धीरुटोला, तहसील पुष्पराजगढ़ के निवासी यस जायसवाल ने मात्र 19 वर्ष की आयु में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उनका चयन देश की प्रतिष्ठित संस्था आईसीएमआर में जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव असिस्टेंट पद पर हुआ है। इस सफलता से न केवल परिवार बल्कि पूरा क्षेत्र गौरवान्वित हुआ है। यस जायसवाल, पिता संदीप जायसवाल ने कम उम्र में ही लक्ष्य तय कर कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अध्ययन के बल पर यह मुकाम हासिल किया। आज के समय में जब अधिकांश युवा करियर को लेकर असमंजस में रहते हैं, ऐसे में यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनकर सामने आई है। इस सफलता के पीछे उनके मार्गदर्शक गौरव सर का विशेष योगदान रहा। उनके मार्गदर्शन, सही रणनीति, नियमित अभ्यास और आत्मविश्वास बढ़ाने वाली सीख ने इस लक्ष्य को संभव बनाया। अपनी सफलता पर यस जायसवाल ने कहा कि यह उनके जीवन का पहला पड़ाव है। आगे भी वे देश सेवा और समाज के हित में कार्य करने का संकल्प रखते हैं। इस उपलब्धि पर ग्राम धीरुटोला सहित पूरे पुष्पराजगढ़ और अनूपपुर जिले में हर्ष का माहौल है। लोगों ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह सफलता आने वाली पीढ़ी को मेहनत और सही मार्गदर्शन के महत्व का संदेश देती है। कम उम्र में हासिल की गई यह उपलब्धि साबित करती है कि दृढ़ निश्चय, सही दिशा और आत्मविश्वास के साथ हर सपना साकार किया जा सकता है।


## महाशिवरात्रि के अवसर पर कल्याण सेवा आश्रम एवं गुरु नानक गुरुद्वारा द्वारा कराया गया भोजन भंडारा



अमरकंटक। शहडोल संभाग के विशालतम तीन दिनी विशाल महाशिवरात्रि मेला के पावन अवसर पर पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित कल्याण सेवा आश्रम एवं गुरु नानक गुरुद्धारा के द्वारा विशाल भंडारा भोजन बाहर से आए हजारों भक्त श्रद्धालुओं दर्शनार्थियों तीर्थ यात्रियों को विधिवत भोजन प्रसाद भंडारा कराया गया बाहर से आने वाले भक्त श्रद्धालुओं दर्शनार्थियों एवं नर्मदा परिक्रमा वासियों को रोक कर तथा अनुरोध करते हुए तथा उन्हें विनम्र निवेदन के साथ गुरु नानक गुरुद्धारा परिसर में विशाल सभा हाल में भोजन लंगर बैठ कर कराया गया तथा स्थानीय कल्याण सेवा आश्रम में भी आगंतुक हजारों भक्त श्रद्धालुओं दर्शनार्थियों तीर्थ यात्रियों नर्मदा परिक्रमा वासियों को भोजन भंडारा कराया गया साथ ही आश्रम के मुख्य गेट के सामने विधिवत निवेदन कर भोजन भंडारा कराया गया तथा उन्हें वितरित किया गया भंडारा भोजन के लिए कल्याण सेवा आश्रम के सामने अच्छी खासी भीड़ देखी गई। कल्याण सेवा आश्रम के सामने आश्रम के प्रबंधक ट्रस्टी हिमाद्री मुनि जी महाराज के द्वारा धर्मानंद जी, जगदीशानंद जी, हरस्वरूप महाराज, राघवानंद जी आगंतुक जनों को भोजन भंडारा वितरित किया गया। कल्याण शिव आश्रम में शिवरात्रि मेला दिवस लगभग 5 से 10 लोगों को भोजन भंडारा के माध्यम से कराया गया। स्थानीय गुरु नानक गुरुद्धारा में भी पंजाब से आए सेवादारों के द्वारा लगातार तीन दिवस 15-16 एवं 17 फरवरी को विशाल भंडारा लंगर का आयोजन किया गया गुरु नानक गुरुद्धारा में सरदार जंग सिंह के नेतृत्व में सरदार विनय सिंह एवं सहयोगियों के द्वारा लंगर का आयोजन किया गया।

## अज्ञात युवक की पहचान ना होने पर पुलिस ने किया अंतिम संस्कार

अनूपपुर। नगर के वार्ड क्रमांक 9 बब्बा कॉलोनी में मृत हालत में मिले अज्ञात युवक जिसकी उम्र 30 से 35 वर्ष रही है कि अज्ञात कारणों से मौत



की सूचना पत्रकार द्वारा दिए जाने पर कोतवाली पुलिस द्वारा पंचनामा कर अज्ञात मृतक के पहचान किए जाने का प्रयास किए जाने के 5 दिन हो जाने पर पहचान ना होने की स्थिति में ड्यूटी डॉक्टर दिनेश बघेल से शव का पी,एम, कराने बाद नगरपालिका अनूपपुर के सौजन्य से मुक्तिधाम अनूपपुर में कोतवाली के सहा, उप निरीक्षक सतानंद रावत, नगर के सामाजिक कार्यकर्ता शशिधर अग्रवाल, मूलचंद सिंह, अजय, रामप्रसाद कोल एवं गगन सिंह की उपस्थिति में शव का अंतिम संस्कार किया।

### हाथी द्वारा तोड़े गए घर की दीवार गिरने से घायल वृद्ध की मौत

# 57 दिनों से हाथियों का आतंक, प्रशासन बेखबर, रात में टूटा घर







### दहशत में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि मौन

**पिछले 57 दिनों से अनूपपुर जिला के अनूपपुर और जैतहरी वन क्षेत्र में तीन हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। दिन में जंगल और रात में गांव अब यही इन हाथियों का तयशुदा पैटर्न बन चुका है। ताजा घटना में रात के अंधेरे में एक कच्चा मकान तोड़ दिया गया, गनीमत रही कि परिवार के सदस्य जान बचाकर भाग निकले। लगातार हो रहे नुकसान के बावजूद प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की चुप्पी ग्रामीणों पर भारी पड़ रही है।**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

तीन हाथियों का यह समूह बीते 23 दिसंबर को छत्तीसगढ़ सीमा पार कर जिले में दाखिल हुआ था। तब से अब तक दर्जनों गांवों में फसलें रौंदी जा चुकी हैं, घरों को नुकसान पहुंचा है और दो वृद्धों की जान भी जा चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों की हर गतिविधि प्रशासन को पता है, फिर भी न तो ठोस निगरानी व्यवस्था की गई और न ही उन्हें सुरक्षित तरीके से जिले से बाहर करने का कारगर प्रयास हुआ। हालात ऐसे बन गए हैं कि लोग रात-रात भर जागकर पहरा देने को मजबूर हैं। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि जिन परिवारों की फसलें और मकान उजड़े, उन्हें आज तक मुआवजे का भरोसा भी नहीं मिल पाया। वन विभाग, राजस्व अमला और स्थानीय जनप्रतिनिधि एक-दूसरे पर जिम्मेदारी टालते नजर आ रहे हैं। नतीजा यह कि ग्रामीण खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं और सवाल उठा रहे हैं कि क्या उनकी जान-माल की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने वाला कोई है भी या नहीं?

### रात में गांवों पर हमला, प्रशासन सोता रहा

हाथियों का हमला अब अपवाद नहीं, बल्कि रोजमर्रा की घटना बन चुका है। रविवार-सोमवार की रात एक बार फिर गांव में घुसकर हाथियों ने कच्चे मकान की दीवार तोड़ दी। यह सब तब हुआ जब प्रशासनिक अमला कागजों में गश्त और निगरानी की बात करता रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि समय रहते पुख्ता इंतजाम होते, तो ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता था। रात में न तो पर्याप्त वनकर्मी तैनात थे और न ही कोई चेतावनी व्यवस्था। सवाल यह है कि आखिर किसके भरोसे ग्रामीण अपनी जान बचाएं?

### फसलें तबाह, मुआवजा सिर्फ आश्वासन

चना, मटरी, अलसी और अन्य फसलों को हाथी रौंद चुके हैं। कई किसानों की मेहनत पलभर में खत्म हो गई, लेकिन मुआवजे के नाम पर सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। पटवारी हड़ताल और प्रशासनिक उदासीनता का खामियाजा सीधे किसानों को भुगतना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधि मंचों से बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, मगर गांव पहुंचकर हालात देखने की फुर्सत किसी के पास नहीं। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि नुकसान का समय पर सर्वे होता, तो उन्हें कुछ राहत मिल सकती थी।

### जनप्रतिनिधियों की चुप्पी, जनता में आक्रोश

हाथियों के आतंक पर जनप्रतिनिधियों की खामोशी सबसे ज्यादा खल रही है। चुनाव के समय गांव-गांव पहुंचने वाले नेता आज नजर नहीं आ रहे। न कोई धरना, न कोई ठोस पहल सिर्फ बयानबाजी दिखाई देती है। ग्रामीण पूछ रहे हैं कि क्या उनकी समस्या इतनी छोटी है कि उस पर आवाज उठाना जरूरी नहीं समझा जा रहा? लगातार बढ़ते खतरे के बीच यह चुप्पी जनता के आक्रोश को और हवा दे रही है।

### जंगल में डटे हाथी, भविष्य को लेकर डर

फिलहाल तीनों हाथी जैतहरी क्षेत्र के जंगलों में डेरा डाले हुए हैं, लेकिन ग्रामीण जानते हैं कि रात होते ही वे फिर गांवों की ओर आएंगे। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों में भय गहराता जा रहा है। लोग पलायन की बात करने लगे हैं। यदि जल्द ही प्रशासन और जनप्रतिनिधि मिलकर ठोस रणनीति नहीं बनाते, तो हालात और भयावह हो सकते हैं। अब सवाल साफ है कि क्या जिम्मेदार जागेंगे या किसी और बड़ी अनहोनी का इंतजार किया जा रहा है?

### घायल वृद्ध की मौत

जिले में मानव वन्यजीव संघर्ष का एक दर्दनाक मामला सामने आया है। 11 एवं 12 फरवरी की मध्य रात्रि जिला मुख्यालय से लगभग तीन किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत बरबसपुर के कपिलधारा कॉलोनी क्षेत्र में एक जंगली हाथी की चपेट में आने से घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान 70 वर्षीय रामविशाल भैना, पिता स्वर्गीय जगना भैना के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामविशाल भैना अपने कच्चे मकान के अंदर जमीन पर सो रहे थे। देर रात एक दांत वाला नर हाथी भोजन की तलाश में आबादी क्षेत्र में पहुंच गया। घर के भीतर रखी धान की बोरियों की सुगंध आने पर हाथी ने मकान की दीवार तोड़ दी। दीवार टूटने से भारी मलबा घर के अंदर गिर गया, जिसके नीचे दबकर रामविशाल भैना गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से घायल वृद्ध को तत्काल जिला चिकित्सालय अनूपपुर में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी था। हालांकि, गंभीर चोटों के कारण दो दिनों बाद 16 फरवरी की सुबह उनके आवास पर ही उनकी मृत्यु हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृतक के पुत्र नवल सिंह भैना ने घटना की सूचना कोतवाली थाना अनूपपुर में दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की और शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने मामले को दर्ज कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इस दौरान वन विभाग की ओर से वन परिक्षेत्र अधिकारी स्वर्ण गौरव सिंह मौके पर पहुंचे और शासन के नियमानुसार मृतक के परिजनों को प्रारंभिक सहायता राशि प्रदान की। ग्रामीणों ने हाथियों की लगातार आवाजाही पर चिंता जताते हुए वन विभाग से ठोस सुरक्षा इंतजाम और मुआवजा प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने की मांग की है।

## फुलवारी टोला मार्ग पर रुकने का नाम नहीं ले रही सड़क दुर्घटनाएं





### कार-ट्रेलर की आमने-सामने टक्कर, तीन गंभीर

हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।

रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में दो युवतियों समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। फूलवारी टोला के पास करीब 3 बजे हुई, जहां तेज रफ्तार कार और कोयले से लोड ट्रेलर के बीच आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी। कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को बाहर निकाला और तत्काल अस्पताल पहुंचाया। सूत्रों के अनुसार कार सवार मनेंद्रगढ़ से दर्शन कर गौरेला की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रेलर से उनकी सीधी टक्कर हो गई। हादसे के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। घायलों में स्नेहा पुरी 20 वर्ष पिता अमृत पुरी निवासी रुमगा एवं चंदा पुरी 20 वर्ष पिता गोबिंद रूमगा शामिल हैं। दोनों युवतियों के दोनों पैर टूट गए हैं, और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। सागर गुप्ता (27) पिता गरुण गुप्ता निवासी दानीकुंडी को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल अनूपपुर रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही रामनगर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर फरार ट्रेलर चालक की तलाश शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को दुर्घटना का प्रमुख कारण माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है, कि इस मार्ग पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। 2 दिन पूर्व ही स्थानीय फुलवारी टोला के युवक दीपक चौधरी की रात्रि में सड़क दुर्घटना में इसी मार्ग पर मौत हो चुकी है।

## तुलसी कॉलेज में कमीशन का खेल?

# फर्जी फर्मों के जरिए लाखों की निकासी

### डॉ. अजय राज राठौड़ पर गंभीर आरोप, एक ही सोसाइटी के नाम पर तीन बिल

### डबल टेंडर, अधूरे दस्तावेज़ और कागज़ी मरम्मत ने खड़े किए बड़े सवाल

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



शासकीय तुलसी महाविद्यालय में निर्माण और मरम्मत कार्यों के नाम पर वित्तीय अनियमितताओं का गंभीर मामला सामने आया है। उपलब्ध दस्तावेज़ों से संकेत मिलते हैं कि एक ही "तुलसी सोसाइटी" के अलग-अलग स्वरूपों का उपयोग कर नियमों को ताक पर रखते हुए भुगतान निकाले गए। इस पूरे मामले ने महाविद्यालय की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक निगरानी पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है।

### तीन बिल, तीन भाषा, तीन नियम

दस्तावेज़ों के अनुसार 18,124 का एक बिल अंग्रेज़ी में तैयार किया गया, जिसमें जीएसटी जोड़ा गया, जबकि 80,295 और 13,875 के दो अन्य बिल हिंदी में बनाकर बिना जीएसटी लगाए प्रस्तुत किए गए। तीनों बिलों में न तो फर्म का पूरा पता दर्ज है, न जीएसटी पंजीकरण, न पैन नंबर, न कार्य आदेश और न ही माप पुस्तिका (एमबी) का कोई स्पष्ट उल्लेख। इसके बावजूद इन बिलों का भुगतान होना नियमों की खुली अनदेखी की ओर इशारा करता है।

### एक ही दिन दो निविदाएं, चयन पर संदेह

22 दिसंबर 2023 को जारी निविदा प्रक्रिया भी सवालों के घेरे में है। रिकॉर्ड में एक ही दिन दो अलग-अलग निविदा आमंत्रण सामने आए हैं एक में पाँच और दूसरी में चार फर्मों के नाम दर्ज हैं। अंततः जिस फर्म का चयन हुआ, उसका न स्पष्ट पता उपलब्ध है और न ही वैध जीएसटी जानकारी। चयन का तुलनात्मक आधार या तकनीकी मूल्यांकन भी दस्तावेज़ों में दर्ज नहीं मिला है।

### मरम्मत के नाम पर भुगतान, प्रमाण नदारद

4 नवंबर 2023 को भवन की जर्जर स्थिति बताते हुए मरम्मत हेतु आवेदन दिया गया था, लेकिन न तो कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र उपलब्ध है, न तकनीकी स्वीकृति और न ही सामग्री उपयोग से संबंधित स्टॉक रजिस्टर। इससे यह संदेह और गहराता है कि भुगतान केवल कागज़ी औपचारिकताओं के आधार पर ही कर दिया गया है।

### प्रोफेसर पर आरोप, 'परसेंटेज सिस्टम' की चर्चा

सूत्रों का आरोप है कि वर्षों से महाविद्यालय में पदस्थ प्रोफेसर डॉ. अजय राज राठौड़ द्वारा पहले आवेदन/अनुमति पत्र के माध्यम से कार्य स्वीकृत कराया जाता है और बाद में कथित रूप से अपने या करीबी लोगों से जुड़ी फर्मों के माध्यम से बिल लगाकर भुगतान निकाला जाता है। चर्चा है कि यह पूरा सिस्टम "परसेंटेज" के आधार पर चलता रहा और प्राचार्य बदलने के बावजूद यह प्रक्रिया जारी रही है।

### सबसे अहम सवाल

तुलसी सोसाइटी का चयन किन मानकों पर हुआ?, बिना वैध दस्तावेज़ों के बिल कैसे पास किए गए?, तकनीकी स्वीकृति के बिना राशि किस नियम के तहत जारी की गई?, यदि इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच होती है, तो निर्माण और मरम्मत के नाम पर निकाली गई राशि, फर्मों की भूमिका और भुगतान से जुड़े जिम्मेदार अधिकारियों की पूरी श्रृंखला सामने आ सकती है।

## रिहायशी क्षेत्र में संचालित राइस मिल से फैल रहा प्रदूषण ग्रामीणों ने कलेक्टर से की जांच व कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।





जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत छोहरी में संचालित आदिवासी राइस मिल से फैल रहे धूल-डस्ट और प्रदूषण को लेकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने कलेक्टर अनूपपुर को लिखित शिकायत सौंपकर आरोप लगाया है कि राइस मिल का संचालन नियमों और पर्यावरणीय मानकों की अनदेखी करते हुए रिहायशी क्षेत्र में किया जा रहा है, जिससे गांव के लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है और स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार राइस मिल से निकलने वाली धूल और भूसी खुले में उड़ती रहती है, जिससे पूरे मोहल्ले में प्रदूषण फैल जाता है। मिल के संचालन के दौरान उड़ने वाली धूल घरों के अंदर तक पहुंच जाती है, जिससे लोगों को स्वच्छ हवा तक नसीब नहीं हो रही है। विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को सांस लेने में परेशानी, एलर्जी और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि मिल के संचालन के समय वातावरण में धूल का गुबार छा जाता है और कई बार मोहल्ले में अंधेरा जैसा माहौल बन जाता है, जिससे लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो जाता है।

इस संबंध में ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत करने वालों में मान सिंह (पूर्व सरपंच), राम सिंह (पूर्व पंच), सोनू कुमार, इंद्रेश कुमार, जीवन दास (पंच), सूदन, भोगी लाल, धनीराम, शंकर दास (पूर्व पंच), विक्रम दास, अशोक कुमार, लल्लू सिंह (पंच), थानू, नारायण सिंह एवं राज कुमार शामिल हैं। इन ग्रामीणों ने प्रशासन को अवगत कराया कि राइस मिल का संचालन बिना पर्याप्त सुरक्षा उपायों और नियमों के पालन के किया जा रहा है, जिससे गांव का वातावरण लगातार प्रदूषित हो रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि राइस मिल संचालन के दौरान निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है और प्रदूषण नियंत्रण के लिए कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या रिहायशी क्षेत्र में इस प्रकार का औद्योगिक कार्य बिना पर्यावरणीय मानकों और अनुमति के किया जाना उचित है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले समय में स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि राइस मिल का संचालन नियमों के विरुद्ध पाया जाता है तो उसे तत्काल बंद कराया जाए या आवश्यक मानकों के अनुरूप संचालित करने के निर्देश दिए जाएं। साथ ही दोषियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि ग्रामीणों को प्रदूषण से राहत मिल सके और गांव में स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित हो सके। ग्रामीणों को अब प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार है।

### इनका कहना है

ग्राम पंचायत छोहरी में बिना नियमों का पालन किये सरपंच केदार सिंह द्वारा आदिवासी राइस मिल का संचालन किया जा रहा है तो आप उनका नंबर हमें दीजिए हम उनसे बात करके सारे नियमों का पालन करवाते हैं फिर भी अगर नहीं करते हैं तो हम उन पर नियम अनुसार कार्यवाही करेंगे।

**श्रेयस पांडे संभागीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी शहडोल**

## साइबर क्राइम पीडित को फ्रीज्ड 100 प्रतिशत राशि करायी गई सुपुर्द

हरिभूमि न्यूज राजनगर।



आवेदक रोहित कुमार रवि पिता हीरालाल रवि, उम्र 21 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 12, झीमर, थाना रामनगर, द्वारा स्वयं के साथ हुए साइबर फ्रॉड के संबंध में दिनांक 18.12.2025 को लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई थी। उक्त शिकायत के आधार पर थाना स्तर पर शिकायत साइबर एनसीआरपी पर दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ की गई। प्रकरण में पुलिस थाना रामनगर द्वारा धारा 106 दण्ड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत 80,899.95 (अस्सी हजार आठ सौ निन्यानवे रुपये पिचानवे पैसे) की राशि होल्ड/जप्त की गई। आवेदक के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शाखा पौराधार के खाता क्रमांक 5302''''67 की ट्रांजेक्शन स्टेटस रिपोर्ट प्राप्त कर विधिवत परीक्षण किया गया। न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, कोतमा द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में थाना रामनगर पुलिस द्वारा जप्त/होल्ड की गई 100 प्रतिशत राशि 80,899 आवेदक को अंतरिम सुपुर्दगी कराई गई है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सुमित कौशिक, प्रधान आरक्षक क्रमांक 54 राहुल प्रजापति, आरक्षक पंकज मिश्रा एवं साइबर सेल अनूपपुर की सराहनीय भूमिका रही। थाना रामनगर पुलिस 'आमजन से अपील' करती है कि किसी भी प्रकार के साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, अज्ञात कॉल, लिंक, ओटीपी या बैंक संबंधी संदिग्ध गतिविधियों से सावधान रहें। साइबर अपराध होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें अथवा पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें।

!! राधे-राधे !! !! श्री गणेशाय नमः !! !! राधे-राधे !!
श्री गुजरात ग्रेनाईट एंड टाइल्स
ग्रेनाईट एवं टाईल्स के थोक एवं फुटकर विक्रेता
हमारे यहां सभी प्रकार के टाईल्स, ग्रेनाईट- सांड्य Z ब्लैक, सुपर ब्लैक, आर ब्लैक इत्यादि एवं सेनेट्री, कड़प्पा उचित दामों पर उपलब्ध है।
कोटा स्टोन कम दामों में उपलब्ध है
प्रो. देवेन्द्र सिंह जी 7742294629, 7440984719, 7737330239